# बिहार सरकार
## स्वास्थ्य विभाग

## सकारण आदेश

CWJC No-3314/2026 Kanchan Kumar बनाम राज्य सरकार व अन्य मे दिनाक–10 03 2026 को पारित न्यायादेश का कार्यकारी अश निम्नवत है –

"In this view of the matter, the petitioner is hereby directed to file a fresh representation along with a copy of this order before the Special Secretary, Health Department, Government of Bihar, Patna (Respondent no.3) within 30 days from today. Upon receipt of the same, the Respondent no.3 is directed to take a decision within three weeks thereafter.

Accordingly, with the aforesaid direction, this writ petition stands disposed off."

उक्त के आलोक मे याचिकाकर्त्ता कचन कुमार द्वारा विभाग मे अपना अभ्यावेदन समर्पित किया गया है, जो दिनाक–24 02 2026 की तिथि मे हस्ताक्षरित एव विभाग में दिनाक–28 04.2026 को प्राप्त है।

2. बिहार तकनीकी सेवा आयोग से अनुशसित कंचन कुमार (होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी) के डोजियर मे रक्षित कागजातो से याचिकाकर्त्ता के अभ्यावेदन के साथ सलग्न कागजातो मे भिन्नता के आलोक मे विभागीय आदेश ज्ञापाक–860 दिनाक–01.06.2026 द्वारा गठित त्रिसदस्यीय समिति से इस सबध मे जॉच करायी गयी।

3 समिति द्वारा जॉच के उपरात उपलब्ध कराये गये अपने जॉच प्रतिवेदन मे निम्नांकित तथ्य प्रस्तुत किये गये है :–

(क) याचिकाकर्त्ता कंचन कुमार ने स्वयं को विभागीय अधिसूचना संख्या 303 दिनांक–14 03.2024 द्वारा होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किये जाने तथा अधिसूचना सख्या . 744 दिनांक–19 07 2024 द्वारा खुद को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, धनरूआ के अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, धमाल मे पदस्थापित किये जाने का दावा करते हुए कहा गया है कि उनके द्वारा दिनाक–12.01.2026 को सिविल सर्जन, पटना के समक्ष योगदान किये जाने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, धनरूआ के अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, धमाल का अस्तित्व नही होने के कारण उनका योगदान स्वीकृत नही हो सका।

(ख) स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना सख्या 303 दिनाक–14.03 2024 के क्रमाक–12 पर, अधिसूचना मे अकित शर्तो के अधीन कचन कुमार, पजीयन सख्या– BR00150240001945 को औपबधिक रूप से नियुक्त कर पटना जिला में पदस्थापित किया गया है। पुन. विभागीय अधिसूचना सख्या 744 दिनांक–19 07 2024 के क्रमांक–868 पर कचन कुमार, पंजीयन संख्या–BR00150240001945 को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, धमाल, धमाल, धनरूआ, पटना मे पदस्थापित किया गया है।

(ग) बिहार तकनीकी सेवा आयोग से अनुशंसित कचन कुमार (होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी) के डोजियर में रक्षित कंचन कुमार के पते एव याचिकाकर्त्ता के अभ्यावेदन के साथ सलग्न आधार कार्ड के पते मे भिन्नता के कारण जॉच समिति द्वारा अपने पत्रांक–826(आ०चि०),

दिनाक–26 05 26 एव पत्राक–827 (आ०चि०), दिनाक–26 05.26 द्वारा बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा अनुशसित कचन कुमार (होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी) के डोजियर मे रक्षित कचन कुमार के आवेदन के पते पर तथा याचिकाकर्त्ता के अभ्यावेदन एव याचिका के साथ सलग्न कचन कुमार के आधार कार्ड के पते पर सूचना भेजते हुए दिनाक–02 06 2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे उन्हे अपने सभी मूल कागजातों के साथ उपस्थित होने का निदेश दिया गया।

(घ) उक्त के आलोक मे दिनाक–02 06 2026 के पूर्वाह्न 11 00 बजे डोजियर में रक्षित पते पर भेजे गये पत्र के आलोक मे डा0 कंचन कुमार, पिता–श्री चद्रदेव प्रसाद, ग्राम–परसिया, डाकघर–नगवॉ (पथरा), थाना–इमामगंज, जिला गया–824210, मो न–9472668677 अपने मूल कागजातो के साथ समिति के समक्ष उपस्थित हुए, जबकि याचिकाकर्त्ता/पारित न्यायादेश के आलोक मे अभ्यावेदन समर्पित करने वाले कचन कुमार के आधार कार्ड मे अकित पते पर भेजे गये पत्र के आलोक मे कोई उपस्थित नही हुआ।

(ड) उपस्थित कचन कुमार द्वारा अपने सभी मूल कागजात समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। साथ ही एक लिखित अभ्यावेदन भी समिति को उपलब्ध कराया गया, जिसमे उनके द्वारा अकित किया गया है कि वे राजकीय आर0बी0टी0एस0 होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज, एव अस्पताल, मुजफ्फरपुर में सहायक प्राध्यापक (सर्जरी विभाग) के पद पर कार्यरत है एव उनके द्वारा होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी के लिए वर्ष–2020 मे आवेदन किया गया था एव दिनाक– 15 02 2022 को उनका Document verification भी हुआ था, जिसमे वे उत्तीर्ण हुए थे।

(च) उपस्थित कंचन कुमार द्वारा यह भी बताया गया कि वे इस पद पर योगदान हेतु इच्छुक नही है तथा उनके द्वारा माननीय उच्च न्यायालय मे योगदान हेतु कोई याचिका/अवमानना वाद दायर नहीं किया गया है।

(छ) उपस्थित कचन कुमार द्वारा समिति के समक्ष अपने सभी मूल कागजात/दस्तावेज एक–एक कर प्रस्तुत किया गया जिसका मिलान समिति द्वारा बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा अनुशसित कचन कुमार (होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी) के कागजातो सहित उपलब्ध कराये गये डोजियर मे रक्षित कचन कुमार के कागजातो के साथ किया गया। उक्त के क्रम मे उपस्थित कचन कुमार के सभी मूल कागजात/दस्तावेजो को डोजियर मे रक्षित कागजातो के समरूप पाया गया।

(ज) समिति द्वारा उपस्थित कचन कुमार द्वारा प्रस्तुत कागजातो के साथ–साथ उनके आधार कार्ड एव पैन कार्ड का भी मिलान बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा उपलब्ध कराये गये कचन कुमार के डोजियर मे रक्षित कागजातो एव याचिकाकर्त्ता कचन कुमार द्वारा याचिका के साथ सलग्न आधार कार्ड एव माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक मे समर्पित अभ्यावेदन के साथ सलग्न आधार कार्ड एव कागजातो के साथ भी मिलान किया गया। उक्त के क्रम में पाया गया कि याचिकाकर्त्ता कंचन कुमार द्वारा याचिका के साथ सलग्न आधार कार्ड एव माननीय उच्च न्यायालय द्वारा CWJC No-3314/2026 मे पारित न्यायादेश के आलोक मे समर्पित अभ्यावेदन

के साथ सलग्न कागजात/दस्तावेज एव आधार कार्ड बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा अनुशसित कचन कुमार (होमियोपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी) के डोजियर मे रक्षित कागजातो से नही मिलते है।

(झ) उपरोक्त कडिका– (क) से (ज) तक के आधार पर जाँच समिति द्वारा अपने जॉच प्रतिवेदन मे याचिकाकर्त्ता/पारित न्यायादेश के आलोक में अभ्यावेदन समर्पित करने वाले डा० कंचन कुमार को बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थी नही होकर अन्य व्यक्ति प्रतीत होने का प्रतिवेदन समर्पित किया गया है।

4. जॉच समिति के उक्त प्रतिवेदन (प्रति संलग्न) से स्पष्ट होता है कि याचिकाकर्त्ता/पारित न्यायादेश के आलोक मे अभ्यावेदन समर्पित करने वाले डा० कंचन कुमार बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थी नही होकर अन्य व्यक्ति हैं। उक्त के आलोक मे उनके द्वारा समर्पित योगदान सबधी अभ्यावेदन विचारणीय नही है। इसे अस्वीकृत किया जाता है।

**आदेश– आदेश की प्रति याचिकाकर्त्ता कंचन कुमार एवं बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित कंचन कुमार के डोजियर में रक्षित पते पर भेज दी जाय।**

ह०/–
**(शम्भु शरण)**
सरकार के अपर सचिव

**ज्ञापांक :– 16/सी.1–20/2026** –1096(आ॰ चि॰) **पटना, दिनांक** – 16.7.2026

**प्रतिलिपि**–SC-20, पटना उच्च न्यायालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–ई गजट कोषाग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–महालेखाकार, बिहार, पटना/वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग बिहार, पटना/ संबधित कोशागार पदाधिकारी/असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पटना, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र, धनरूआ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**– कचन कुमार, पिता– श्री चद्रदेव प्रसाद, ग्राम– परसिया, डाकघर–नगवॉ (पथरा), थाना–इमामगंज, जिला– गया, पिन नं–824210 को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–डा0 कचन कुमार, पिता–श्री चंद्रदेवप्रसाद,वार्डनं0–12,ग्राम–दरवेशी, डाकघर–नगरनौसा, थाना–दनियावॉ, जिला–पटना, 801305/डा0 कंचन कुमार, पिता–श्री चंद्रदेव प्रसाद, वार्ड न0–12, ग्राम–दरवेशी, डाकघर–नगरनौसा एरई, बेनीपुर, जिला–पटना, 801305 को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

15.7.26
सरकार के अपर सचिव